Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to commence educational session from 1st July in schools.

श्रीमती रेखा अरूण वर्मा (धौरहरा): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

महोदय, मैं शिक्षा से जुड़ा हुआ एक अत्यंत आवश्यक निवेदन करना चाहती हूं कि वर्ष 2017-18 से चलने वाले विद्यालयों का सत्र बदल दिया गया है, इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों का बहुत नुकसान हो रहा है । विद्यार्थी मार्च में परीक्षा देने के बाद 1 अप्रैल से पढ़ने नहीं आता है, बल्कि जुलाई में ही पढ़ने आता है । ऐसी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई के लगभग दो महीने व्यर्थ चले जाते हैं । अत: आपसे आग्रह है कि पुन: पुरानी परम्परा को लागू करते हुए, 1 जुलाई से सत्र प्रारम्भ करने पर विचार किया जाए । धन्यवाद ।